हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

9 सितंबर 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने वाराणसी से देशभर में नौवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया।

2. हरियाणा और चंडीगढ़ में राष्ट्रीय पोषण माह के शुभारंभ पर पोषण शपथ एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑस्ट्रेलिया के साथ राज्य स्तर पर सहयोग को और मजबूत करने की संभावना जताई।

4. पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने नवाचार, उद्यमिता और सहयोगी स्टार्टअप परिवेश को बढ़ावा देने पर बल दिया।

5. रेलवे प्रशासन ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य को तेज करने के लिए कल से लगभग 35 दिनों के लिए विशेष ब्लॉक प्लान लागू किया – कई प्लेटफॉर्म बंद रहेंगे।

*********************************************************************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज वाराणसी से देशभर में नौवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह स्वस्थ और सशक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का अभियान है। जो हर मां के स्वास्थ्य, हर बच्चे के पोषण और हर परिवार की खुशहाली से जुड़ा है।

*********************************************************************

चंडीगढ़ में भी आज पोषण शपथ एवं जागरूकता रैली के साथ 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 का शुभारंभ किया गया। प्रतिभागियों को शपथ के बाद संतुलित आहार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा कुपोषण की रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया।इस दौरान केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा वाराणसी से पोषण माह के शुभारंभ का वेबकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया।

अभियान के तहत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विभिन्न जागरूकता एवं परामर्श गतिविधियां आयोजित की गईं।

**************************************************************************

देश के साथ हरियाणा में भी आज 9 वें राष्ट्रीय पोषण माह 2026 का शुभारंभ हुआ।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी जिलों में पोषण जागरूकता अभियान की शुरुआत पोषण शपथ एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर की गई। विभिन्न जगह पर आयोजित कार्यक्रमों में अधिकारियों, कार्यकर्ताओं और माताओं ने पोषण शपथ लेकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर महीने भर आयोजित होने वाली गतिविधियों का कैलेंडर भी जारी किया गया।

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने सभी नागरिकों, विशेषकर माताओं और अभिभावकों से अपील की है कि वे 9 अक्तूबर तक चलने वाले इस अभियान में अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़ें और पोषण माह को जनभागीदारी से सफल बनाएं। उन्होंने सभी से बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देने तथा कुपोषण के खिलाफ सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

**************************************************************************

भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने आज चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की।

बैठक में हरियाणा और ऑस्ट्रेलिया के बीच शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार, कृषि, हरित ऊर्जा, खेल पर्यटन, निवेश तथा युवाओं को वैश्विक अवसर उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। हरियाणा और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, कृषि, अभियांत्रिकी, स्वच्छ ऊर्जा और लोकनीति जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान, छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम तथा संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत और व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। ऐसे में हरियाणा के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ राज्य स्तर पर सहयोग को और मजबूत करने की व्यापक संभावनाएं हैं।

**************************************************************************

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ में नवाचार, उद्यमिता और सहयोगी स्टार्टअप परिवेश को बढ़ावा देने पर बल दिया।

वे आज केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के उद्योग विभाग द्वारा स्टार्टअप नीति-2025 के तहत नए सचिवालय में आयोजित स्टार्टअप अनुदान वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

श्री कटारिया ने कहा कि स्टार्टअप और इनक्यूबेटर को समय पर वित्तीय एवं संस्थागत सहायता प्रदान करने से उभरते उद्यमों को अपने विचारों का विस्तार करने, रोजगार के अवसर पैदा करने और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के आर्थिक विकास में योगदान देने में मदद मिलेगी। उन्होंने स्टार्टअप्स और इनक्यूबेटर से चंडीगढ़ स्टार्टअप नीति-2025 के तहत उपलब्ध सहायता का प्रभावी उपयोग करने तथा एक जीवंत उद्यमशीलता परिवेश के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

समारोह में आठ स्टार्टअप्स और चार इनक्यूबेटर को अनुदान प्रदान किए गए। आठ स्टार्टअप्स के लिए 85 लाख 80 हजार तथा चार इनक्यूबेटर के लिए 1 करोड़ 17 लाख 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव श्री एच. राजेश प्रसाद व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 17 सितंबर से एक महीने का सेवा संकल्प अभियान शुरू करेगी। यह अभियान प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर शुरू किया जाएगा। नई दिल्ली में आज संवाददाता सम्मेलन में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 अक्टूबर को जनसेवा के 25 वर्ष पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इन वर्षों में 'जनसेवा से राष्ट्रसेवा' के मंत्र के साथ सेवा की यात्रा को लगातार आगे बढ़ाया है।

*जो आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास रहा है एक बहुत बड़ा योगदान नेतृत्व कर्ता के रूप में उन्होंने दिया है। उनका सफर एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में जो प्रारंभ हुआ और आज देश के प्रधान सेवक के रूप में जो उन्होंने काम को आगे बढ़ाया यह केवल उनके स्पष्ट विजन, उनके दृढ़ संकल्प सामाजिक जीवन में लगातार गुणात्मक कैसे परिवर्तन आए, कैसे उनके जीवन में बदलाव आए इसका प्रयास उन्होंने किया।*

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति केवल विकास तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान और विरासत भी मजबूत हुई है।

********************************************************************

रेलवे प्रशासन ने अंबाला रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य को तेज करने के लिए कल से लगभग 35 दिनों के लिए एक विशेष ब्लॉक प्लान लागू किया है।

अंबाला मंडल रेल प्रबन्धक विनोद भाटिया ने बताया कि इस दौरान प्रत्येक प्लेटफॉर्म को यात्रियों के लिए 10 से 12 दिन के लिए बंद किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में कई रेलगाड़ियों को अस्थायी या आंशिक रूप से रद्द किया जाएगा। वहीं कुछ को दूसरे रूट से चलाया जाएगा।

ये ब्लॉक 15 अक्तूबर तक रहेगा।

**********************************************************************

हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठकों में लिए गए निर्णयों एवं दिए गए निर्देशों का समयबद्ध और परिणाम उन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया लागू की है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार हर निर्णय को स्पष्ट, संक्षिप्त और मापनीय रूप में दर्ज किया जाएगा। जहां एक से अधिक विभागों की भूमिका होगी, वहां प्रमुख विभाग तथा संबंधित विभागों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाएंगी। हर निर्णय के क्रियान्वयन के लिए समय-सीमा और अपेक्षित परिणाम भी निर्धारित किए जाएंगे तथा अनुपालन की नियमित निगरानी की जाएगी।

**********************************************************************